Warrick
County
School
Corporation

*Dr. Abbie Redmon, Superintendent of Schools*
*Mr. Todd Armstrong, Assistant Superintendent*
*Mr. Jason Fischer, Director of Learning*
*Dr. Walter Lambert, Director of Student Services*
*Dr. Doug Gresham, Director of Human Resources*
*Mrs. Tish Wagner, Director of Special Education*

*300 E. Gum Street/Boonville, Indiana 47601*

# शिक्षा विभाग (DEPARTMENT OF LEARNING)

अगस्त 2025

संदर्भ : माता-पिता के जानने के अधिकार के विषय में सूचना

प्रिय माता/पिता/अभिभावक:

आपके बच्चे के स्कूल को राज्य के दक्षता मानकों को पूरा करने के लिए फ़ेडरल टाइटल I फंड मिलते हैं। यह पत्राचार शैक्षणिक वर्ष 2025-2026 में आपके बच्चे के साथ काम कर रहे कर्मियों की पेशेवर योग्यता को जानने का अनुरोध करने के अधिकार के विषय में बताने के लिए है।

प्राथमिक व माध्यमिक परीक्षा शिक्षा अधिनियम (Elementary and Secondary Education Act , ESEA), संशोधित (2015) में दी गई परिभाषा के अनुसार, टाइटल 1 फंडिंग प्राप्त करने वाले स्कूलों के लिए संघीय शिक्षक योग्यता की आवश्यकताओं को पूरा करना आवश्यक है। यह क़ानून आपको शिक्षक के प्रशिक्षण व योग्यता से जुड़ी जानकारी के बारे में पूछताछ करने की अनुमति देता है। आप किसी भी समय, निम्नलिखित जानकारी मांग सकते हैं:

- क्या शिक्षक जिस ग्रेड स्तर और विषय में शिक्षा प्रदान कर रहा है, उसके लिए राज्य की शिक्षा व प्रमाणन आवश्यकताओं को पूरा करता है
- क्या शिक्षक को आपातकालीन या अस्थायी दर्जा प्राप्त हुआ है, जिसमें इंडियाना योग्यताओं से छूट दे दी गई थी
- शिक्षक की अंडर्ग्रेजुएट या ग्रेजुएट डिग्रियाँ और प्रमुख विषय या ध्यान के क्षेत्र
- क्या आपका बच्चा किसी सहायक पेशेवर (पैराप्रोफ़ेशनल) से शिक्षण सेवाएँ ले रहा है, यदि हाँ, तो सहायक पेशेवर की योग्यताएँ

वारिक काउंटी स्कूल प्राधिकरण (Warrick County School Corporation - WCSC) आपके बच्चे की सफलता के लिए आवश्यक सामाजिक, शैक्षिक और आलोचनात्मक विचार कौशल विकसित करने के अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि आप अपने बच्चे के साथ काम कर रहे शिक्षक (या शिक्षकों) या सहायक पेशेवर (पेशेवरों) की पेशेवर योग्यता (ओं) की जानकारी मांगना चाहते हैं, तो कृपया अपने स्कूल के भवन प्रशासन (बिल्डिंग एडमिनिस्ट्रेशन) से संपर्क करें। शैक्षिक वर्ष 2025 -2026 की सफलता को सुनिश्चित करने के लिए हम आपके साथ काम करने के लिए उत्साहित हैं।

आभार,

जेसन फ़िशर (Jason Fischer)
शिक्षा निदेशक (Director of Learning)
वारिक काउंटी स्कूल प्राधिकरण (Warrick County School Corporation)